भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 262

दिनांक 21 जुलाई, 2026 के लिए प्रश्न

पशुचिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम

262. श्री राधेश्याम राठियाः
श्री नलिन सोरेनः
श्री नव चरण माझीः
श्री चंद्र प्रकाश जोशीः
श्री विजय कुमार दूबेः
श्री गोडम नागेशः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ सहित देश में मई 2026 तक पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय द्वारा की गई प्रमुख पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़ सहित देश में पशुचिकित्सकों और परा-पशुचिकित्सा पेशेवरों के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) छत्तीसगढ़ सहित देश में पशुचिकित्सा अवसंरचना और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नियोजित वित्तीय परिव्यय सहित इन पहलों के तहत पशुचिकित्सा संस्थानों और कर्मियों के प्रस्तावित कवरेज का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इन पहलों के तहत छत्तीसगढ़ के लिए किसी राज्य-विशिष्ट परियोजनाओं, वित्तीय आवंटनों या कार्य योजनाओं को मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) पशुपालन राज्य का विषय है। हालांकि, भारत सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निम्नलिखित सहायता उपलब्ध कराता है:

i. पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) योजना के अंतर्गत, पशुओं के चार प्रमुख रोगों, नामत: FMD, ब्रुसेलोसिस, पेस्टे डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (PPR) और क्लासिकल स्वाइन फीवर (CSF) के टीकाकरण के लिए 100% केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

ii. LHDCP की पशु चिकित्सा अस्पतालों और औषधालयों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण (ESVHD-MVU) योजना के अंतर्गत, MVU के संचालन के लिए राज्यों/संघ राज्यों को साझा आधार पर सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 4019 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों (MVU) को प्रचालनरत बनाया गया है।

iii. पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (ASCAD) के अंतर्गत, राज्य प्राथमिकता वाले पशुधन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण, रोग निदान प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण आदि के लिए साझा आधार पर सहायता प्रदान की जाती है।

iv. ICAR-NIVEDI ने राष्ट्रीय पशु रोग रेफरल विशेषज्ञ प्रणाली (NADRES_v2) विकसित की है जो जिला स्तर पर 2-3 महीने पहले रोग के प्रकोप की आशंका की भविष्यवाणी कर सकती है, इससे रोग संबंधी बेहतर तैयारी और प्रतिक्रिया (response) में सहायता मिलती है।

(ख) LHDCP के ASCAD घटक के अंतर्गत, पशु चिकित्सकों और पैरा-पशु चिकित्सकों के प्रशिक्षण के लिए साझा आधार पर वित्तीय सहायता का प्रावधान है। वर्ष 2025-26 के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम हेतु सभी राज्यों के लिए 971.65 लाख रुपए जारी किए गए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जारी किए गए 7.5 लाख रुपए भी शामिल हैं। पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (ASCAD) के अंतर्गत, राज्य प्राथमिकता वाले पशुधन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण, रोग निदान प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण आदि के लिए साझा आधार पर सहायता प्रदान की जाती है।

(ग) पशु चिकित्सा अवसंरचना और सेवाओं का सुदृढ़ीकरण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है। हालांकि, भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने भारत में पशु चिकित्सा अवसंरचना के न्यूनतम मानदंडों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं और इन्हें अपनाने तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेजा गया है।

(घ) LHDCP योजना के अंतर्गत, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हेतु कुल बजटीय आबंटन 3162 लाख रुपए है।

*****